>

Title: Need to impress upon the State Governments particularly Madhya Pradesh Government to make provisions for installation of solar power systems in state-owned buildings.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): आज पूरे विश्व में ऊर्जा की कमी एक अन्तर्राष्ट्रीय समस्या हो गई है। हमारा देश भी इस समस्या से जूझ रहा है। मेरे गृह प्रदेश मध्य प्रदेश में तो विद्युत की कमी एक ऐसी समस्या बन गई है जिसका समाधान संभव ही नहीं लग रहा है।

मैं आभारी हूं, भारत सरकार का जिसने इस विश्वव्यापी समस्या से निपटने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का गठन कर अभी से इस संबंध में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। राज्य अपनी बिजली की कमी को केन्द्र सरकार का क्षेत्र बतलाती है।

इस संबंध में मेरा अनुरोध है कि केन्द्र सरकार के माध्यम से प्रत्येक राज्य सरकार को यह स्पष्ट निदेश जाएं कि राज्य सरकार अपने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से निर्मित होने वाले प्रत्येक शासकीय कार्यालय व निर्मित होने वाले भवनों के प्राक्कलन में सौर ऊर्जा उपकरण का प्रावधान आवश्यक रूप से रखें जिससे बिजली उत्पादन की मांग एवं पूर्ति का सामंजस्य बना रहे ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक उन्नत भविष्य के साथ-साथ देश भी विरासत में दे सकें।